**JALAUN POLICE**

**दिनांक- 05.01.2026**

**श्रीमान अपर पुलिस महानिदेशक, कानपुर जोन, कानपुर एवं पुलिस महानिरीक्षक, झांसी परिक्षेत्र, झांसी के निर्देशन में पुलिस अधीक्षक जालौन के कुशल नेतृत्व में नशीले पदार्थों की तस्करी करने वाले अपराधियों की गिरफ्तारी के सम्बन्ध में चलाए जा रहे अभियान के क्रम में स्वाट टीम जनपद जालौन व कोतवाली उरई पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा अवैध गांजा की तस्करी करने वाले 01 अभियुक्त को 40.250 किलोग्राम नाजायज गांजा(कीमत करीब 8,00,000/- आठ लाख रूपये) व एक मोटर साइकिल बिना नम्बर प्लेट के साथ गिरफ्तार किया गया।**

आज दिनांक 05.01.2026 को स्वाट टीम जनपद जालौन व कोतवाली उरई पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा कोतवाली उरई क्षेत्र में रोकथाम अपराध, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, लुटेरे, वाहन चोर/वांछित अपराधी, नशीले पदार्थों की तस्करी करने वाले अपराधी एवं सुरागरसी-पतारसी के दौरान मुखबिर की सूचना पर कोतवाली उरई पुलिस द्वारा आई.टी.आई. कॉलेज के सामने जालौन रोड़ से अभियुक्त दीपू राजपूत पुत्र वीरेन्द्र राजपूत उम्र करीब 23 वर्ष निवासी ग्राम व थाना गोहन जनपद जालौन हाल पता मोहल्ला राजेन्द्र नगर कोतवाली उरई जनपद जालौन को 40.250 कि0ग्राम नाजायज गांजा व एक अदद मोटर साइकिल टीवीएस अपाचे(रंग सफेद) बिना नम्बर प्लेट के साथ गिरफ्तार किया गया है।

बरामदगी के संबंध में कोतवाली उरई पर मु0अ0सं0 12/26 धारा 8/20 NDPS ACT अभियोग पंजीकृत किया गया है।

**पूछताछ का विवरण-**

पूछताछ में अभियुक्त ने बताया कि साहब मै गांजा को सस्ते दामों मे खरीदता हूँ। जिसे मंहगे दामो पर ग्राहकों को बेच देता हूँ। बेचने से जो भी पैसा मिलता है। उससे अपने घरेलू खर्च और शौक-शान पर खर्च कर देता हूँ। आज भी मैं अपाचे बाइक से गांजा बेचने के लिए जा रहा था कि आप लोगो ने पकड़ लिया।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-**

1. दीपू राजपूत पुत्र वीरेन्द्र राजपूत उम्र करीब 23 वर्ष निवासी ग्राम व थाना गोहन जनपद जालौन हाल नि0 मोहल्ला राजेन्द्र नगर कोतवाली उरई जनपद जालौन

**अभियुक्त दीपू राजपूत उपरोक्त का आपराधिक इतिहास-**

मु0अ0सं0 12/2026 धारा 8/20 NDPS ACT कोतवाली उरई जनपद जालौन

**अभियुक्त के आपराधिक इतिहास की जानकारी आस-पास के जनपदों/थानो से की जा रही है।**

**बरामदगी विवरण**

1. 40.250 कि0ग्रा0 नाजायज गांजा।
2. एक अपाचे मोटर साइकिल(रंग सफेद) बिना नम्बर प्लेट (धारा 207 एमवीएक्ट में सीज)

**गिरफ्तार करने वाली टीम का विवरण-**

1. प्रभारी निरीक्षक कोतवाली उरई मय पुलिस टीम
2. स्वाट टीम जनपद जालौन।